CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:59 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:53 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 209 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 12 फरवरी 2025

बॉक्स ऑफिस पर पस्त हुई बैडएस...पेज-3 पर

# अब रेंट एग्रीमेंट की भी होगी रजिस्ट्री, प्रस्ताव जल्द कैबिनेट में होगा पेश

## रजिस्टर्ड एग्रीमेंट पर लिखी शर्तें ही होंगी कानूनी रूप से मान्य

लखनऊ

एजेंसी

उत्तर प्रदेश में अब रेंट एग्रीमेंट की भी रजिस्ट्री होगी। रजिस्टर्ड एग्रीमेंट पर लिखी शर्तें ही कानूनी रूप से मान्य होंगी। कोर्ट में दावा भी केवल रजिस्टर्ड एग्रीमेंट पर ही चलेगा। संपत्ति की सुरक्षा के लिए रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए स्टाम्प शुल्क बेहद कम रखा जाएगा। एक वर्ष से ज्यादा के रेंट एग्रीमेंट पर न्यूनतम स्टाम्प शुल्क 500 रुपये से अधिकतम 20 हजार रुपये तक होगा। इसी के साथ रजिस्टर्ड एग्रीमेंट में लिखी शर्तें ही कानूनी रूप से मान्य होंगी, जिन पर कोर्ट में दावा किया जा सकेगा। इससे जुड़ा प्रस्ताव जल्द कैबिनेट में पेश किया जाएगा। स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि इससे मकान मालिक और किरायेदारी से जुड़े विवादों में भी कमी आएगी। वर्तमान में किराये और अवधि के हिसाब से स्टाम्प शुल्क तय होता है। किरायेनामे को पंजीकृत कराने से मकान मालिक और किरायेदार दोनों का हित सुरक्षित रहेगा। पंजीकरण कराने के बाद एग्रीमेंट में लिखी शर्तों की ही कानूनी मान्यता होगी। रजिस्टर्ड एग्रीमेंट पर लिखी शर्तें ही होंगी कानूनी रूप से मान्य दरअसल, अभी रेंट एग्रीमेंट में स्टाम्प शुल्क ज्यादा होने के कारण बहुत कम लोग इसे कराते हैं। ज्यादातर लोग 100 रुपये के स्टाम्प पर किराया समझौता कर लेते हैं, जिसका कोई कानूनी दावा नहीं होता है। स्टाम्प व पंजीयन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में एक साल में महज 86 हजार रेंट एग्रीमेंट हुए हैं, जबकि घर से लेकर दुकान और आफिस किराये पर देने वालों की संख्या लाखों में होगी। स्टाम्प शुल्क के नियम सरल और कम करने के प्रस्ताव के साथ ही एक वर्ष तक के एग्रीमेंट के लिए अलग से पोर्टल बनेगा। पोर्टल पर एक तय फार्मेट होगा, जिसे डाउनलोड कर प्रिंट निकाला जा सकेगा। इस फार्मेट को स्टाम्प पर चिपकाने से इसे कानूनी रूप मिल जाएगा।



**निर्णय**

- रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री न कराने पर मुकदमा भी नहीं लड़ पाएंगे
- एग्रीमेंट पर लिखी गई शर्तें ही मान्य होंगी। उन्हीं पर दावा चलेगा

## News कॉर्नर

### युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**हल्द्वानी।** एक महिला ने पुलिस में तहरीर दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने अपने बेटे की संदिग्ध मौत के लिए दो महिलाओं पर हत्या का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि उनका बेटा अजीम विवाहित था और उसका एक पुत्र है। कुछ दिनों से अजीम को शाजिया और खुशबू नामक दो महिलाएं अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। महिला ने बताया कि इन दोनों महिलाओं ने अजीम को नशीला पदार्थ खिलाया और मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। महिला ने बताया कि घटना के बाद दोनों महिलाओं ने पुलिस को सूचना दी और अजीम की मौत को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। महिला ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अजीम के शरीर पर मारपीट के निशान पाए गए हैं।

### हल्द्वानी में 14 फरवरी को स्कूलों में रहेगा अवकाश

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में 14 फरवरी को स्कूलों में छुट्टी का निर्णय 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। यह समारोह नैनीताल जिले में हल्द्वानी के इंदिरा गाँधी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य राज्य में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के अनुसार, निजी स्कूलों की बसें भी इस समापन समारोह में भाग लेंगी।

### पुलिस के हत्थे चढ़े दो स्मैक तस्कर

**हल्द्वानी।** थाना मुखानी क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की बड़ी बरामदगी की है। दोनों घटनाओं में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस नेपृथ्वी राज थापा उर्फ पप्पू हड्डी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से 12.35 ग्राम स्मैक बरामद की।

**कहा- मुफ्त वाली योजनाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते**

# मुफ्त की योजनाओं के एलान से सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली

एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगा क्योंकि उन्हें राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई की, जिसमें बेघर लोगों को शहरी इलाकों में आश्रय स्थल मुहैया कराने की मांग की गई थी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि दुर्भाग्य से, मुफ्त वाली योजनाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है और उन्हें बिना कोई काम किए पैसे मिल रहे हैं। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि आपकी बेघर लोगों की चिंता किए जाने की हम तारीफ करते हैं, लेकिन क्या ये अच्छा नहीं होगा कि इन लोगों को समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जाए और देश के विकास में इन्हें भी योगदान देने का मौका मिले। केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी इलाकों में गरीबी को मिटाने के लिए प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रही है। जिसमें शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आश्रय देने का भी प्रावधान होगा।

इस पर पीठ ने उन्हें केंद्र सरकार से पूछकर यह स्पष्ट करने को कहा कि कितने दिन में केंद्र इस योजना को लागू किया जाएगा। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह हफ्ते के लिए टाल दी। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में लाए गए कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बताया कि वे इस मामले पर 19 फरवरी को सुनवाई करेंगे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ की तरफ से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण को यह जानकारी दी। वकील प्रशांत भूषण ने अपील की कि याचिका पर जल्द सुनवाई होनी चाहिए क्योंकि जल्द ही नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति होनी है। कानून को चुनौती देने वाली याचिका एनजीओ एडीआर ने लगाई है।



# सिडकुल क्षेत्र में युवक का शव पेड़ से लटका मिला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना पंतनगर की चौकी सिडकुल क्षेत्र एक अमरूद के बाग में पेड़ पर युवक का शव लटका मिला। बरामद शव की शिनाख्त ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से लापता युवक के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिवार में कोहराम मच गया।

मंगलवार दोपहर सनसेरा चौक सिडकुल पंतनगर के पीछे झाड़ियों के बने जंगल में अमरूद के पेड़ में एक लाश लटकी मिली। लाश काफी दिन पुरानी लग रही थी और पुरी तरह से सड़गल चुकी थी। यह देख वहां से गुजर रहे लोगों का जमावड़ा लग गया। इस पर किसी ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष पंतनगर सुंदरम शर्मा, चौकी प्रभारी सिडकुल प्रदीप कोहली पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही पुलिस ने मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया। इसके लिए आसपास के थानों पुलिस को भी सूचित किया गया।

इस दौरान ट्रांजिट कैंप थाने के एसआइ महेश कांडपाल ने बताया कि 23 जनवरी को शिव गार्डन कालोनी जनपद रोड फुलसुंगा ट्रांजिट कैंप निवासी 22 वर्षीय अनुज गंगवार पुत्र जगबीर गंगवार लापता है। जिसकी थाने में गुमशुदगी पंजीकृत की गई है। साथ ही उसकी जगह जगह पुलिस तलाश भी कर रही है। जिस पर पुलिस ने उसके स्वजन को मौके पर बुला लिया। जहां उन्होंने लाश की पहचान अनुज गंगवार के रूप में की।

### ट्रैक्टर ट्राली ने मजदूर को कुचला, मौके पर मौत

**रुद्रपुर।** अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने मजदूर को कुचल दिया। मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मय वाहन के मौके से भागने में सफल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के मुताबिक वार्ड 22 रम्पुरा क्षेत्र निवासी 45 वर्षीय भगवान दास पुत्र आशा राम गल्ला मंडी मे मजदूरी करता था बताया जा रहा है कि भगवानदास गल्ला मंडी से घर जा रहा। पहाड़गंज के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने उसे कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मय वाहन के भागने में सफल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। बाद में पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# उन्नति शर्मा ने जूडो में स्वर्ण पदक जीत उत्तराखंड का नाम किया रोशन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

38वें राष्ट्रीय खेल में जूडो प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई भार वर्गों में रोमांचक मुकाबले और बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिले। 63 किलोग्राम बालिका वर्ग में उत्तराखंड की उन्नति शर्मा ने अपने कौशल का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। मध्य प्रदेश की खिलाड़ी हिमांशी टोकस ने उन्नति को कड़ी टक्कर दी, लेकिन उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। जम्मू-कश्मीर की तल्हा फयाज और मणिपुर की इरेंगबाम कल्पना देवी को कांस्य पदक मिले। पुरुष वर्ग के -81 किलोग्राम में पंजाब के हर्षप्रीत सिंह ने अपने मुकाबलों में दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के नरेंद्र ने रजत पदक और उत्तर प्रदेश के अभिषेक चौधरी और आकाश राज ने कांस्य पदक जीते। महिला वर्ग के -70 किलोग्राम में हरियाणा की गरिमा चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता। हिमाचल प्रदेश की ताखेलम्बम इनुंगनबी ने रजत पदक और हरियाणा और केरल के मोनिका हुड्डा और देवीकृष्ण वी.एस. ने कांस्य पदक जीता। दिन के खेल का समापन पुरुष स्पर्धा -90 किलोग्राम के साथ हुआ, जिसमें मध्य प्रदेश के भरम कुमार वत्स ने स्वर्ण पदक जीता। सर्विसेज के अजय कुमार ने रजत पदक जीता और मणिपुर के निंगथौजम शीतल और जम्मू-कश्मीर के रजत सिंह चिब दोनों ने कांस्य पदक जीता। जैसे जैसे जूडो स्पर्धाएँ अपने समापन की ओर आगे बढ़ रही हैं, खेल का रोमांच बढ़ता जा रहा है, खिलाड़ी अपनी सीमाओं को पार करते हुए राष्ट्रीय खेल में शीर्ष में स्थान पाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।



# निजी बैंक प्रबंधक समेत कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**

- फर्जी लोन दिखा कर 25 लाख रुपए हड़पने का आरोप, कोर्ट के आदेश पर पुलिस की कार्रवाई

बैंक प्रबंधक सहित बैंकिंग कार्य से जुड़े चार लोगों पर फर्जी लोन दर्शाकर खाते से 25 लाख हड़पने का आरोप लगाकर एक व्यक्ति ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है।

भारतेन्दु मिश्रा पुत्र स्व- केशव चन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम गंगापुर पटिया, रुद्रपुर ने हेमन्त त्रिपाठी शाखा प्रबन्धक,आईएनजी वैश्य बैंक ब्रांच रुद्रपुर, चरनजीत कपूर केसीसी प्रबन्धक,मुकुल सिंह क्लेक्शन प्रतिनिधि व सुरेन्द्र कुमार क्लेक्शन प्रतिनिधि (आईएनजी वैश्य बैंक) वर्तमान में कोटेक महिन्द्रा बैंक शाखा रुद्रपुर के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसके नाम से भूमि ग्राम गंगापुर पटिया में स्थित है। वर्ष 2012 में उसने पंजाब नैशनल बैंक ब्रांच किच्छा में अपनी उक्त भूमि बन्धक रख पन्द्रह लाख रुपये का कृषि लोन लिया था। वर्ष 2013 में उसने आईएनजी वैश्य बैंक ब्रांच रुद्रपुर में अपनी उपरोक्त भूमि को पच्चीस लाख रुपये में बन्धक कर पंजाब नैशनल बैंक ब्रांच किच्छा में चल रहे पन्द्रह लाख रुपये के कृषि लोन को टेकओवर करने का आवेदन किया। जिसको स्वीकार करते हुए उसें 25 लाख रुपये का लोन 23 फरवरी 2013 को सेंक्शन किया। 25 मई 2013 को पच्चीस हजार रुपये व 29 जून 2013 को दो लाख साठ हजार रुपये अपने लोन एकाउट में जमा किये। वर्ष 2014 में पारिवारिक समझौते के आधार पर उसने बैंक को जानकारी देकर अपनी कुल 14-87 एकड भूमि में से 5 एकड भूमि अपने दोनो बेटे योगेश मिश्रा व देवेश मिश्रा के नाम से दर्ज करा दी गई। कुछ दिनों बाद ही उसे व उसके पुत्रों को आईएनजी वैश्य बैंक ब्रांच रुद्रपुर के शाखा प्रबन्धक हेमन्त त्रिपाठी ने बैक बुलाया गया। जहां शाखा प्रबन्धक के साथ साथ केसीसी प्रबन्धक चरनजीत कपूर व क्लेक्शन प्रतिनिधि मुकुल सिंह एंव सुरेन्द्र कुमार भी मौके पर मौजूद थे। हेमन्त त्रिपाठी और चरनजीत कपूर ने उससे और उसके पुत्र से बातचीत की। कुल 14-87 एकड भूमि में से 2-5 एकड भूमि योगेश मिश्रा व 2-5 एकड भूमि देवेश मिश्रा के नाम से दर्ज हो चुकी है इसलिए दोनो पुत्रे को पच्चीस लाख रूपये के लोन में गवाह बनना पड़ेगा व सिक्योरीटी के तौर पर अपने दो-दो ब्लैक चैक देने पड़ेगें और कुछ कागजातो पर हस्ताक्षर करने पडेगे। भारतेन्दु मिश्रा का कहना है कि उसका छोटा पुत्र देवेश मिश्रा बाहर रहकर नौकरी किया करता था जिस कारण वह तुरन्त बैंक आकर कागजातों पर हस्ताक्षर करने व ब्लैक चौक देने में असमर्थ था और बडे पुत्र योगेश मिश्रा के पास किसी बैंक की कोई चैक बुक नहीं थी। इसलिए योगेश मिश्रा का तुरन्त नया बचत खाता खोला गया व तुरन्त लूज चैक बुक जारी कर दो ब्लैक चैक योगेश मिश्रा से हस्ताक्षर कराकर रख लिये गये। और साथ ही बैंक के छपे हुए फॉर्म पर कुछ ब्लैक कागजो पर उसके व पुत्र के हस्ताक्षर कराये गये और उसके बाद उसका खाता सुचारू रूप से चलता रहा। अप्रैल वर्ष 2015 में आईएनजी वैश्य बैंक कोटेक महिन्द्रा बैंक के साथ मर्ज हो गया और कोटेक महिन्द्रा बैंक के नाम से ही जाना जाने लगा। जनवरी 2023 में चण्डीगढ पुलिस उसके घर पहुंची और बताया कि योगेश मिश्रा के विरूद्ध कोटेक महिन्द्रा बैंक ने मुकदमा दायर किया गया है और गैर जमानती वारंट के अनुपालन में वह योगेश मिश्रा को गिरफ्तार करने आये है। बैंक जाकर पता चला आरोपियों ने मिलीभगत कर योगेश मिश्रा के नाम से एक फर्जी कृषि लोन पच्चीस लाख रूपये सेंक्शन किया गया है और पच्चीस लाख रूपये एक साथ कुछ दिनों के अन्दर निकाल लिए गए है। बीच बीच में क्लेक्शन प्रतिनिधि मुकुल सिंह एंव सुरेन्द्र कुमार को अपने लोन एकाउंट में जमा करने के लिए दिये गये पैसों को उनके द्वारा इस फर्जी लोन एकाउट में जमा कराये गये है। पुलिस ने बताया कोर्ट के आदेश पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 29वें फागोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के भवन में 29वें फागोत्सव के आयोजन हेतु सभा के सदस्यों की आम सभा की बैठक सभा के अध्यक्ष मनोज साह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगर पालिका परिषद के मल्लीताल बाजार वार्ड के नव नियुक्त सभासद व सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी का पुष्प माला तथा मां की चुनरी ओढाकर सम्मानित किया गया।



बैठक में सभा की कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय का अनुमोदन किया गया। बैठक में तय हुआ कि 29वें फ ागोत्सव का शुभारंभ 6 मार्च (गुरुवार) से 15 मार्च (शनिवार) 2025 तक आयोजित होगा। तय किया गया कि इस वर्ष भी होली जलूस के लिए रंग की व्यवस्था आईएफ एस प्रो. कपिल जोशी द्वारा की जाएगी,उनकी ओर से सभा परिवार को 100 किलो हर्बल रंग एवं झोले उपलब्ध कराए जाएंगे जिससे लोग होली का रंग का आनंद ले सके। बैठक में 29वें फागोत्सव के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बैठक में अशोक साह,विमल चौधरी, विमल साह,मुकुल जोशी, मुकेश जोशी ,अमर साह, मिथिलेश पांडे, गिरीश भट्ट,कमलेश ढौडियाल, सतीश पांडे, दिनेश भट्ट, भुवन बिष्ट,दीप गुरुरानी, हीरा सिंह रावत, विक्रम साह, दीपक गुरुरानी, गोविंद सिंह, सतीश पांडे तथा प्रो. ललित तिवारी उपस्थित रहे। संचालन सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने किया।



# नवनियुक्त पालिकाध्यक्ष खेतवाल का स्वागत किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद राहुल पुजारी के नेतृत्व में पालिका के कर्मचारियों ने नवनियुक्त पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल का पुष्प गुच्छ भेंटकर तथा शाल ओढाकर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सभासद राहुल पुजारी समेत अमित सहदेव,त्रिलोचन टांक व सोनू सहदेव सहित कर्मचारी साथियों ने पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल को पालिका के कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया,जिस पर पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान सफाई नायक संजय भगत, विक्की सिलेलान, मंगू लाल, दिनेश रत्नाकर, मनोज कुमार,अमित साजन, राहुल कुमार, विनोद कुमार, कमल कुमार, विकास टांक,मनोज चौहान, सुनील कुमार,सन्नी चौहान,विनोद,राकेश, अशोक,मुकेश कुमार तथा विशाल कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंतर सदनीय बैटमिन्टन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी में अंतर सदनीय बैटमिन्टन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

सब जूनियर, जूनियर व सीनियर तीन वर्गों में छात्र व छात्राओं के लिए ये प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी. सब जूनियर श्रेणी में हर्शिका पाण्डेय तथा पांसुल गावरी ने पहला स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार जूनियर श्रेणी में अवनी नेगी तथा शौर्य बोरा तो सीनियर वर्ग में आस्था पन्त तथा प्रखर जोशी ने पहला स्थान हासिल किया जबकि आपने-अपने वर्ग में शुभिका कपकोटी, नैतिक पाल, मनस्वी रौतेला, भावेश जोशी, महिमा मिश्रा तथा देवाशीष सती ने दूसरा स्थान हासिल किया।

विजेता तथा उपविजेताओं को प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला तथा सुरेश चन्द्र मिश्रा ने मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, इस दौरान खेल प्रशिक्षक एस एस कपकोटी, पूनम बिष्ट, दीपक जोशी, लीला रावत, आई डी जोशी, प्रकाश शर्मा, नीमा पाण्डेय, हेमा तिवारी आदि समेत तमाम शिक्षक तथा छात्र उपस्थित रहे।




## NEWS / फटाफट

### प्रेमी युवक के साथ फरार किशोरी नैनीताल में बरामद

**नैनीताल।** जोधपुर से अपने प्रेमी युवक के साथ फरार किशोरी को तल्लीताल पुलिस ने नैनीताल में बरामद किया। तल्लीताल पुलिस ने दोनों को जोधपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को जोधपुर से एक किशोरी अपने प्रेमी युवक के साथ नैनीताल आ पहुंची। किशोरी के परिजनों की शिकायत पर जोधपुर पुलिस ने दोनों को ट्रेस किया तो दोनों की लोकेशन नैनीताल पाई। जोधपुर पुलिस ने तल्लीताल पुलिस से संपर्क कर मदद मांगी जिस पर देर शाम ही पुलिस ने युवक व किशोरी को नैनीताल में खोज लिया। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि मंगलवार को युवक व किशोरी के माता पिता से बात कर दोनों को जोधपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

### फरार वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया

**नैनीताल।** नैनीताल में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। तल्लीताल थाने के एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि गाली-गलौच एवं धमकी के आरोप में सूर्यागांव दोगड़ा नैनीताल निवासी श्याल लाल के खिलाफ पूर्व में केस दर्ज किया गया था। प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन है लेकिन अभियुक्त बीते लंबे समय से कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट तनुजा कश्यप की अदालत ने एनबीडब्ल्यू जारी कर उसकी गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इधर मंगलवार को पुलिस टीम ने श्याल लाल को मुखबिर की सूचना पर डोलमार क्षेत्र से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया हालांकि कोर्ट उसे निजि मुचलके में जमानत पर छोड़ दिया गया।

### बिना लाइसेंस स्कूटी चलाने पर वाहन सीज

**नैनीताल।** बड़े भाई का डीएल लेकर पर्यटक काठगोदाम से टैक्सी स्कूटी किराए पर लेकर नैनीताल आए तो पुलिस ने पकड़ लिया। यातायात पुलिस की ओर से पर्यटक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी। बता दें कि मंगलवार को यातायात पुलिस की ओर से टीएसआई हरीश फर्त्याल व अमित आर्य मल्लीताल मस्जिद तिराहे पर चैकिंग अभियान में जुटे थे। इस दौरान दो युवक टैक्सी स्कूटी लेकर वहां से गुजरे तो वह पुलिस को देख घबराकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने अन्य स्कूटी चालकों के साथ उन दोनों से भी लाइसेंस व स्कूटी के दस्तावेज दिखाने की बात कही तो उन्होंने ड्राइविंग लायसेंस दिखाया। जब पुलिस ने युवकों से गहराई से पूछताछ की तो युवकों ने बताया कि वह अपने भाई का लाइसेंस लेकर आये हैं। वहीं स्कूटी के संबंध में जानकारी होने के बाद भी उनकी ओर से स्कूटी किराए में दी गई। टीएसआई हरीश फर्त्याल ने बताया यूपी वाराणसी निवासी मयंक तिवारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी है।

### दिवसीय एडवेंचर फाउंडेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम




**नैनीताल।** साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु पर्यटन विभाग जनपद नैनीताल की जिला योजना के अन्तर्गत सात दिवसीय एडवेंचर फाउंडेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार से मुक्तेश्वर में शुरु हो गया है जो 17 फ रवरी तक चलेगा। बता दें कि इसमें 10 प्रशिणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाट्न होटल एसोसिएशन मुक्तेश्वर के अध्यक्ष सुर्दशन सिंह साही व सचिव विकम सिंह बिष्ट एवं समाजिक कार्यकर्ता एवं होम स्टे संचालक दिलावर सिंह बिष्ट ने संयुक्त रुप से किया। जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस प्रशिक्षण द्वारा बेरोजगार नव युवकों को ट्रैकिंग, रॉक क्लाइम्बिग से सम्बन्धित बेसिक स्किल, फ स्ट एंड तथा टीम बिल्डिंग, कैम्पिंग, वाइलरनैस व सरवाइवल कोर्स से सम्बन्धित कौशल विकसित किये जायेगें जिससे युवाओं को भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त होगें।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–**संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# रंग मंचीय कौशल विकास कार्यशाला का समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कार्यानुभव विभाग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल द्वारा आयोजित रंग मंचीय कौशल विकास कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया।

इस दौरान सभी प्रशिक्षक शिक्षकों (वरिष्ठ रंगकर्मी हरीश पाण्डे, बृजमोहन जोशी,मोहन जोशी, शम्भू दत्त साहिल व मनमोहन चौधरी) द्वारा जो प्रशिक्षण दिया गया उसका मंचन संस्थान के सभा भवन में किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डायट सुरेश चंद्र आर्य समेत राजेश कुमार जोशी, ललित प्रसाद तिवारी,डा.आरती जैन,डा. विमल किशोर,डा.सुमित पाण्डे, डा. शैलेन्द्र धपोला,रेखा तिवारी, डा. संजय गुरूरानी, डॉ. पी.एस. बुगंला, डॉ.हेम चन्द्र तिवारी, राजेश कुमार पाण्डे, तनुजा, हरीश सिंह बिष्ट, मनोज चौधरी तथा कार्यक्रम के समन्वयक डा.ज्योतिर्मय मिश्र तथा सभी कलाकारों के द्वारा रंगमंच की पूजा के साथ दीप प्रज्वलित व सरस्वती वन्दना के साथ किया गया। इस पांच दिवसीय थियेटर कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को थियेटर का ज्ञान कराना व कुमाऊंनी लोक संस्कृति के विविध आयामों कि जानकारी देना था जिससे कि वह अपने अपने विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर प्रतिभावान बना सकें। कार्यशाला में स्पीच व शरीर सौष्ठव पर विशेष रूप से कार्य किया गया। इसके लिए भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के कालजयी नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा का चयन किया गया। ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी शिक्षक इसमें प्रतिभाग कर सकें। इस दौरान जहां रंगकर्मी बृजमोहन जोशी द्वारा निर्देशित कुमाऊंनी बाल गीतों का मंचन,कुमाऊंनी लोकचित्र कला ऐपण का प्रदर्शन मंच सज्जा के रूप में प्रतिभागी शिक्षकों के द्वारा किया गया। इसके बाद शिक्षकों के द्वारा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा लिखित नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा का मंचन किया गया।

# भुमका मोटर मार्ग की मरम्मत को ज्ञापन सौंपा

**धारी**

**हमारे संवाददाता**

ग्रामसभा भुमका के नाई भिंडोला-भुमका मोटर मार्ग की मरम्मत के लिए जिलाधिकारी को ग्राम प्रधान भुमका मुकेश चंद्र बौद्ध के नेतृत्व मे ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा।

नैनीताल, सितंबर 2024 में आई भारी वर्षा आपदा के कारण ग्राम सभा भुमका में नवनिर्मित नाई भिंडोला-भुमका मोटर मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। सड़क के कई हिस्से पूरी तरह धंस गए हैं, जिससे आवागमन बाधित हो गया है और ग्रामवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी एम जी एस वाई) कार्यालय, काठगोदाम से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मरम्मत कार्य के लिए दो एस्टीमेट तैयार किए गए थे। लेकिन अब तक उपजिलाधिकारी कार्यालय से स्वीकृति नहीं मिल पाई, जिस कारण मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका।



ग्रामवासियों की इस गंभीर समस्या को लेकर आज हम जिलाधिकारी महोदय से मुलाकात करने पहुंचे, लेकिन उनसे भेंट नहीं हो सकी। इसके बाद हमने अपर जिलाधिकारी महोदय फीचा राम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया, ताकि सड़क के पुनर्निर्माण का कार्य जल्द शुरू हो सके।

अपर जिलाधिकारी फीचा राम द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र उपरोक्त कार्य किया जाएगा। ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस विषय को गंभीरता से लिया जाए और जल्द से जल्द आवश्यक बजट स्वीकृत कर मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाए। सड़क के क्षतिग्रस्त होने के कारण गांव के स्कूली बच्चों, किसानों और आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामवासियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# अभिमत

## पुनर्विचार जरूरी

*सबसे अधिक आपत्तिजनक लिव इन रिलेशन के बारे में किया गया प्रावधान है। यह देवभूमि की संस्कृति के खिलाफ है। कोई भी माता-पिता अपने बच्चों के विवाह पूर्व संबंधों के लिए राजी नहीं हो सकते हैं। यह सरासर अवैध संबंधों को संरक्षण प्रदान करना है। कुछ लोगों का यहां तक कहना है कि देवभूमि को कामदेव की भूमि और उत्तराखंड को थाईलैंड बनाने का इरादा है, इससे व्यभिचार को बढ़ावा मिलेगा।*

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है। अधिकतर लोगों ने स्वागत किया है, जिन लोगों ने विरोध किया है, उनकी बात सुनी जानी चाहिए। दरअसल कुछ मुद्दे हमेशा से विवादित रहे हैं, उनको यूसीसी में शामिल करना अनुचित है। जनजातीय समाज को अलग करने का विरोध लाजिमी है। एक तरफ तो सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून की बात कही जा रही है और दूसरी तरफ किसी क्षेत्र की जाति व समाज को उसमें शामिल नहीं किया जा रहा है, ऐसी दशा में 'सभी नागरिक' वाले सिद्धांत को झुठलाया जा रहा है। सबसे अधिक आपत्तिजनक लिव इन रिलेशन के बारे में किया गया प्रावधान है। यह देवभूमि की संस्कृति के खिलाफ है। कोई भी माता-पिता अपने बच्चों के विवाह पूर्व संबंधों के लिए राजी नहीं हो सकते हैं। यह सरासर अवैध संबंधों को संरक्षण प्रदान करना है। कुछ लोगों का यहां तक कहना है कि देवभूमि को कामदेव की भूमि और उत्तराखंड को थाईलैंड बनाने का इरादा है, इससे व्यभिचार को बढ़ावा मिलेगा। यूसीसी में प्रावधान है कि सभी धर्म और सम्प्रदाय के लोग अपने रीति-रिवाज के अनुसार विवाह करें, लेकिन पंजीकरण करायें। किसी संस्कृति में हस्तक्षेप नहीं किया जायेगा। इस प्रावधान के अनुसार भी लिव इन रिलेशन अनुचित है। लिव इन रिलेशन को संस्कृति अथवा रीति-रिवाज के अनुसार विवाह की परिभाषा में शामिल नहीं किया जा सकता है और इसे पंजीकरण के दायरे में भी नहीं लाया जाना चाहिए। नब्बे के दशक में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद तथा भाजपा द्वारा राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तीन मुद्दों में अयोध्या में राम मंदिर, समान नागरिक संहिता और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करना शामिल था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में राम मंदिर बन गया और अनुच्छेद 370 को हटा दिया गया। केन्द्र सरकार समान नागरिक संहिता पर काम कर रही है। पूरे देश के परिप्रेक्ष्य में विशेषज्ञों के साथ मंथन करके यूसीसी का मसौदा तैयार होना चाहिए। राज्यों की संस्कृति, समाज और परिस्थितियों के अनुसार संहिता में प्रावधान होने चाहिएं। सिर्फ इसलिए कि देश में पहला स्थान हासिल किया जाये और जल्दबाजी में यूसीसी लागू कर दिया गया। विरोध को सिरे से नकारा नहीं जाना चाहिए। विवादित मुद्दों पर गंभीरता से विचार की जरूरत है। प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर विरोध की आवाज को दबाना राज्यवासियों के हित में नहीं होगा।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



डा. आर. एस. टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी के महानिदेशक बी. पी. पाण्डे के दिशा निर्देशों के तहत मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ सीआरएसटी इण्टर कालेज के सभागार में बतौर अतिथि डा. सोबन सिंह बिष्ट (प्रभारी प्रधानाचार्य) तथा डा0 ओम प्रकाश (कार्यक्रम निदेशक) तथा डा. मंजू पाण्डे (सहायक आचार्य) की मौजूदगी में हुआ।

इस अवसर पर डा0 ओम प्रकाश द्वारा अतिथि डा.बिष्ट को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। प्रधानाचार्य डा.बिष्ट द्वारा अकादमी से आये हुए सभी संकाय सदस्यों का स्वागत किया गया तथा इस एक दिवसीय आपदा प्रशिक्षण प्रबन्धन को विद्यालय के लिये अति महत्वपूर्ण बताया गया। उनके द्वारा इस विद्यालय प्रबन्धन कार्य योजना निर्माण पर भी आश्वस्त किया गया।

प्रथम तकनीकी सत्र में कार्यक्रम निदेशक डा.ओम प्रकाश द्वारा विभिन्न आपदाओं जैसे भूकम्प, भूस्खलन, बादल फ टना, बाढ़ व वनाग्नि जैसी आपदाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उनके द्वारा वर्तमान में घटित उत्तरकाशी भूकम्प के झटकों को राज्य के लिये एक चेतावनी के रूप में लिया गया एवं भविष्य में एक बढ़े परिमाण के भूकम्प के लिये हम सबको तैयार होने पर जोर दिया। द्वितीय तकनीकी सत्र में अग्निशमन विभाग के चालक भोपाल सिंह मेहता एवं कविता सकलानी व मीरा भैर्याल द्वारा घर की आग एवं वनों की आग पर विस्तृत रूप से प्रस्तुतिकरण दिया गया, इसके पश्चात अग्निशमन यंत्रों का उपयोग संचालन एवं प्रदर्शन किया गया।

तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में सहायक आचार्य डा. मंजू पांडे द्वारा विद्यालयी आपदा प्रबन्धन प्लान पर पावर पाईन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विद्यालय आपदा प्रबन्धन कार्य योजना हेतु समिति का गठन कर एवं विभिन्न विभागों के महत्वपूर्ण दूरभाष नम्बरों को कार्ययोजना में समाहित करने पर बल दिया जबकि अंतिम सत्र में विभिन्न आपदाओं पर क्या करें पर एक डाक्यूमेन्ट्री भी प्रदर्शित की गयी।

इस अवसर पर विधार्थियों के अतिरिक्त विद्यालय के शिक्षक गणेश दत्त लोहनी, डा0 गौरव भाकुनी, राजेश लाल, ललित सिंह जीना, शैलेन्द्र चौधरी, मनीष साह,रितेश साह, राजेश कुमार, तारा जोशी व गीता बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

## संघ के नैनीताल शाखा के वार्षिक चुनाव कराने के निर्देश

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह ने संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला व प्रदेश सचिव दिनेश कटियार को पत्र भेजकर संघ के नैनीताल शाखा के वार्षिक चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। मसीह की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ शाखा नैनीताल में वार्षिक चुनाव नगर इकाई नैनीताल का कार्यकाल अक्टूबर- 2024 को पूर्ण हो चुका है।

### भूलसुधार

भूलवश 11 फरवरी 2025 के अंक में सर्जन डॉ. धीरेंद्र बनकोटी के पुत्र की मौत हैंडिंग से प्रकाशित खबर में एक लाइन (डॉ. बनकोटी के बड़े बेटे हिमांशु ने पिछले साल अपनी बड़ी बहन डॉ. आकांक्षा से विवाह किया था) गलत छपा है। जो कि (डॉ. बनकोटी के बेटे हिमांशु ने पिछले साल अपनी बड़ी बहन डॉ. आकांक्षा का विवाह कराया था) होना था। - संपादक

# 221वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन


**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर किया जा रहा पौधरोपण आंदोलन मंगलवार को 221वें दिन भी जारी रहा।

प्रातः महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में उत्तरकाशी के प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मंदिर के महंत संजय पुरी के नेतृत्व में मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। मंगलवार को गढ़वाल मंडल विकास निगम केटूरिस्ट कंपलेक्स उत्तरकाशी में संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम की जनपद उत्तरकाशी की कार्यकारिणी का गठन महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी की अध्यक्षता में संपन्न हुए। जिसमें जनपद उत्तरकाशी के गढ़वाल मंडल विकास निगम की सभी इकाइयों से कर्मचारी उपस्थित हुए। जिन्होंने सर्व समिति से कार्यकारिणी का गठन किया । इस मौके पर अध्यक्ष पद हेतु पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के प्रताप पवार जबकि महामंत्री पद पर गैस सर्विस उत्तरकाशी के महेंद्र सिंह राणा व कोषाध्यक्ष पद पर पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के जगबीर लाल बनाए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर्यटक आवास गृह गंगोत्री के शरद राम,पर्यटक आवास गृह हर्षिल के सोनू कुमार, पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी की सीता देवी, उपाध्यक्ष पद हेतु पर्यटक आवास गृह रैथल के राजेंद्र कुमार, पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के कीर्ति चंद्र रमोला तथा पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के विजय पवार,सचिव पद हेतु पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के गोपाल राणा, पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के सत्येंद्र रावत, पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के जितेंद्र पवार व पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के मनमोहन दारू, संगठन मंत्री के पद पर पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के राकेश सहदेव, पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के राजेंद्र रावत, पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के राजेंद्र राणा जबकि प्रचार मंत्री पर्यटक आवास गृह हर्षिल के मुकेश असवाल, पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के नवीन पवार, पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के धीरेंद्र रावत चुने गए वहीं संयोजक पद हेतु पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी के उमेश चंद्र कोठियाल चुने गए। कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिनेश गुरुरानी द्वारा हिमालय बचाओ अभियान के साथ शपथ दिलाई गई वही पदाधिकारियों ने पौधारोपण आंदोलन के तहत पर्यटक आवास गृह उत्तरकाशी परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। दूसरी ओर दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में महासंघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी के माध्यम से पौधे के साथ ज्ञापन कार्यक्रम के तहत पौधा देकर ज्ञापन देकर अपनी मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने के लिए निवेदन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस ज्ञापन को शीघ्र मुख्यमंत्री को प्रेषित करेंगे। कार्यक्रम में महासंघ के महामंत्री विजय पुरोहित ,संरक्षक सुरेश पवार, कार्यकारी अध्यक्ष संजय भट्ट, उपाध्यक्ष अनिल जोशियाल, संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के महामंत्री कंचन चंदोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी तथा उपाध्यक्ष गौतम कुमार व पीतांबर दुमका, वेद प्रकाश भट्ट व नरेंद्र थापा सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

## फिल्मी दुनिया



# बॉक्स ऑफिस पर पस्त हुई बैडएस रवि कुमार की लवयापा

*बॉक्स ऑफिस पर बैडएस रवि कुमार और लवायापा पस्त हो चुकी है। आइए जानते हैं कि साउथ की विदामुयार्ची और तंडेल ने अब तक कितनी कमाई की है। फरवरी का महीना भारतीय सिनेमा के लिए अब तक कुछ खास नहीं रहा है। मौजूदा समय में सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही फिल्में टिकट खिड़की पर छप्परफाड़ कमाई नहीं कर रही हैं। आइए जानते हैं कि मंगलवार को बॉक्स ऑफिस पर किस फिल्म ने कितना कलेक्शन किया। पहले दिन ठीक-ठाक कमाई करने के बाद बैडएस रवि कुमार की हालत बॉक्स ऑफिस पर खराब नजर आ रही है। हिमेश रेशमिया अभिनीत यह फिल्म पहले सप्ताहांत में छह करोड़ 15 लाख रुपये का कलेक्शन करने में कामयाब रही थी, लेकिन मंडे टेस्ट में यह पूरी तरह से फेल रही। सोमवार को फिल्म ने 60 लाख रुपये की कमाई की। ताजा आंकड़ों के मुताबिक मंगलवार को फिल्म ने 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई सात करोड़ 25 लाख रुपये हो गई है। फिल्म लवयापा में जुनैद खान और खुशी कपूर ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। दोनों की यह दूसरी फिल्म है। हालांकि, इस फिल्म को भी दर्शकों का प्यार नहीं मिला है। फिल्म की कमाई की रफ्तार बॉक्स ऑफिस पर हद से ज्यादा सुस्त है। मंगलवार को इस फिल्म ने 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई अब पांच करोड़ 60 लाख रुपये हो गई है।*

## देवा और विदामुयार्ची का हाल

*शाहिद कपूर की फिल्म देवा भी अब फ्लॉप फिल्मों की श्रेणी में आ चुकी है। यह फिल्म अब तक अपने बजट के बराबर भी नहीं पहुंच सकी है। पहले हफ्ते में इस फिल्म ने 28.4 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, दूसरे हफ्ते में भी यह फिल्म धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। 12वें दिन इस फिल्म ने 45 लाख रुपये कमाए। फिल्म का कुल कलेक्शन अब 32.6 करोड़ रुपये हो गया है। अजित कुमार की फिल्म विदामुयार्ची अब तक 100 करोड़ तक भी नहीं पहुंच सकी है। हर दिन के साथ फिल्म की रफ्तार लगातार धीमी होती चली जा रही है। छठे दिन इस फिल्म ने तीन करोड़ 15 लाख रुपये का कलेक्शन किया।*

# सौभाग्य एवं शोभन योग के साथ माघ पूर्णिमा आज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने बताया कि सौभाग्य एवं शोभन योग के साथ इस वर्ष बुधवार (आज) को माघ पूर्णिमा मनायी जाएगी।

आचार्य जोशी के मुताबिक माघ पूर्णिमा सभी पूर्णिमा में श्रेष्ठ मानी गई है।वैदिक ज्योतिष के अनुसार माघी पूर्णिमा में स्नान दान करने से सूर्य और चंद्रमा युक्त दोषों से मुक्ति मिलती है इसलिए इस दिन गंगा नदी में स्नान करना चाहिए। माघ पूर्णिमा पर भगवान विष्णु की पूजा करनी चाहिए और व्रत करना चाहिए। कहा कि संभव हो तो सायंकाल को भगवान सत्यनारायण की कथा किसी ब्राह्मण देव को बुलाकर करवानी चाहिए। एक ऐसी मान्यता भी है कि माघ पूर्णिमा पर स्वर्ग लोक से सभी देवता भी अपना रूप बदलकर गंगा स्नान के लिए प्रयागराज आते हैं,इसलिए इस दिन का विशेष महत्व है।

उन्होंने बताया कि इस दिन यदि पूर्णिमा तिथि की बात करें तो 31 घड़ी पांच पल अर्थात शाम 7.23 बजे तक पूर्णिमा तिथि रहेगी यदि नक्षत्र की बात करें तो इस दिन अश्लेषा नामक नक्षत्र 31 घड़ी 36 पल अर्थात शाम 7.36 बजे तक है। इस दिन सौभाग्य नामक योग दो घड़ी 53 पल अर्थात प्रात: 8.07 बजे तक है।

सबसे महत्वपूर्ण यदि इस दिन चंद्रमा की स्थिति जानें तो इस दिन चन्द्र देव शाम 7.36 बजे तक कर्क राशि में विराजमान रहेंगे उसके बाद चंद्र देव सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। कहा कि यदि शाही स्नान और दान पुण्य की बात करें तो माघ पूर्णिमा के दिन प्रात: ब्रह्म मुहूर्त में स्नान के बाद दान पुण्य के कार्य शुभ माने जाते हैं। इस दिन सुबह 5.19 बजे से लेकर प्रात: 6.10 बजे तक ब्रह्म मुहूर्त रहेगा।

## News कॉर्नर

### ससुरालियों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**हल्द्वानी।** एक महिला ने पुलिस में तहरीर दर्ज कराई है, जिसमें उसने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। कमलुवागांजा निवासी गरिमा शाह पत्नी शिवम शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 19 अप्रैल 2024 को हल्द्वानी में हुआ था और उसके परिवार ने विवाह के समय 40 लाख रुपये का खर्च किया था, लेकिन फिर भी उसके ससुराल वाले दहेज की मांग करते रहे। महिला ने बताया कि उसके पति और ससुराल वालों ने उसे कई बार मारा-पीटा और उसे घर से निकाल दिया। महिला ने बताया कि वह गर्भवती है और उसके पति और ससुराल वाले उसे और उसकी मां को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्घटना के आरोपी वाहन चालक के खिलाफ तहरीर सौंपी

**हल्द्वानी।** शहर के गणपति बिहार फेज 1 निवासी अंजन गुप्ता ने पुलिस में तहरीर दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने बताया है कि 16 जनवरी को रात्रि लगभग 9 बजे कल्सिया पुल के पास उनके वाहन को एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी, जिससे उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। अंजन गुप्ता ने बताया कि स्कार्पियो का चालक भगाकर मौके से नैनीताल की ओर भाग गया। उन्होंने बताया कि स्कार्पियो का मालिक रामाशंकर सिंह है, जिसने उनसे गालीगलौच की और गाड़ी ठीक कराने से इनकार कर दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# एकीकृत शिक्षा विभाग कुमाऊं विवि में इंटर्नशिप प्रोग्राम का शुभारंभ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

एकीकृत शिक्षा विभाग कुमाऊं विवि नैनीताल में देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटीई से विशिष्ट अध्येता दल द्वारा आईटीईपी विभाग के छात्र-छात्राओं से मिलकर इंटर्नशिप प्रोग्राम को आरंभ किया गया है।
शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो0 अतुल जोशी बताया कि विभाग में इंटर्नशिप के लिए उच्च स्तरीय संस्थाओं में अध्यनरत वरिष्ठ छात्र-छात्राओं के साथ प्रशिक्षकीय वार्ता एवं शिक्षण अभ्यास करना बहुत लाभदायक सिद्ध होगा। प्रो.जोशी के मुताबिक इससे छात्र-छात्राओं में व्यावसायिक विकास तथा नवाचार व रणनीतियों व कौशलों को सीखने का



अवसर प्राप्त होता है ताकि एक बेहतर शिक्षक निर्माण किया जा सके। इस हेतु कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने सभी अध्येताओं जिनमें कृपा पटेल, मसीरा पठान, अंजलि मकवाना, वृज पारगी तथा राहुल वंजारा को आशीर्वचन दिया और प्रशिक्षण को बेहतर तरीके से करने तथा अपने अनुभवों को साझा करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 अशोक उप्रेती तथा सभी प्राध्यापकों ने विभाग में उनका स्वागत किया और प्रशिक्षण को बेहतर बनाने के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया। विभाग के लिए यह बड़े ही हर्ष का विषय है कि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से इंटर्नशिप के लिए हमारे यहां आ रहे हैं। इस प्रकार का कार्यक्रम छात्रों के लिए नए अनुभवों तथा एक दूसरे के साथ समन्वय और नई-नई नवाचारों को साझा करता है। इस सुअवसर पर संकायाध्यक्ष शिक्षा प्रो. अतुल जोशी ने सभी अध्येताओं, छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को नई शिक्षा नीति- 2020 के अनुगमन में शिक्षा जगत की आवश्यकताओं व वर्तमान समय की मांग के अनुरूप शैक्षणिक व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया और कहा कि विभाग के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को दस दिवसीय इन्टर्नशिप प्रोग्राम को सफल व प्रभावशाली बनाने में सहायता मिलेगी।

# एक किलो से अधिक चरस व 83 ग्राम स्मैक के साथ एक दबोचा, एक फरार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पुलिस को जनपद में मादक,नशीले पदार्थो की तस्करी करने वालो के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।
इसी के तहत एसपी काशीपुर अभय सिंह, एसपी क्राइम, सीओ बाजपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व में थाना गदरपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नवाबगंज अलखदेवा कट के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोक कर चैकिंग की। पूछताछ में प्रदीप सिह पुत्र महेन्द्र सिह निवासी ग्राम बडाबौसेना थाना बिलासपुर, जिला रामपुर उत्तर प्रदेश बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नी मे 83 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गयी। पकडे गये व्यक्ति से बरामद अवैध स्मैक के संबन्ध मे सख्ती से पूछताछ की गयी तो अवैध स्मैक अर्जुन निवासी मिलक जिला रामपुर से लाकर

**27 लाख से अधिक की बताई जा रही बरामद नशीली सामग्री**



यहा बेचने की बात कबूल की। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। अभियुक्त प्रदीप व वांछित अभियुक्त अर्जुन के विरूद्ध थाना अभियोग पंजीकृत किया गया है । पकडे गये अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक वैधानिक करते हुए कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। उधर खटीमा पुलिस ने एक नशे का सौदागर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चरस बरामद हुई। उसके खिलाफ कार्रवाई की गई।
पुलिस टीम में सीओ विभव सैनी बाजपुर,थानाध्यक्ष गदरपुर जसवीर सिह चौहान,चौकी प्रभारी महतोष पवन जोशी,गोरख नाथ,कैलाश मनराल, कुन्दन सिह आदि शामिल रहे।

# विद्युत विभाग के एजक्यटिव इंजीनियरिंग ने एसएसपी को सौंपी तहरीर,स्मार्ट मीटर तोड़ने व कर्मियों को धमकी देने का आरोप

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**आरोप**
- तहरीर में किसी का नाम नहीं है अज्ञात है, पूरी घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी है

किच्छा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने गए विभागीय कर्मियों के साथ अभद्रता और मीटर तोड़ने वालो के खिलाफ कार्रवाई के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत परीक्षण खंड रुद्रपुर की ओर से एसएसपी को तहरीर सौंपी है।
तहरीर में स्मार्ट मीटर तोड़ने और धमकी देने का आरोप लगाया है। विद्युत परीक्षण खंड रुद्रपुर ईई ने एसएसपी को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि सोमवार को किच्छा क्षेत्र में विभाग के कर्मचारी रुद्रपुर से स्मार्ट मीटर लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पर लोगों ने कर्मियों से मीटर छीनकर सड़क पर तोड़ दिए, साथ ही कर्मचारियों के साथ अभद्रता और धमकी भी दी।
विभाग की तरह से घटना की पूरी वीडियो भी एसएसपी को सौंपी है। अधीक्षण अभियंता शेखर चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि विभाग के एजक्यटिव इंजीनियरिंग ने मीटर की पेटियां छीनने, मीटर सड़क पर फोड़ने और धमकी देने का वीडियो सौंप कर तहरीर दी है। फिलहाल विभाग की तरफ दी गई तहरीर पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। बता दें कि सोमवार को विभाग के कर्मी स्मार्ट मीटर लगाने के लिए किच्छा क्षेत्र में गये थे। स्मार्ट मीटर कर्मियों से छीन कर सड़क पर किसने तोड़े।
इस पूरी घटना का वीडियो भी वायरल हो गया। समाचार पत्रों में भी खबरें प्रकाशित हुईं हैं। इसके बावजूद ईई विद्युत परीक्षण खंड रुद्रपुर ने अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। इधर किच्छा कोतवाल धीरेन्द्र कुमार से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मामला थाना पुलभट्टा क्षेत्र का है और कार्रवाई भी उसी थाने से होगी।

# युवक की धारधार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर हत्या

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**घटना**
- शव गांव के पुराने खंडहर में छिपाया, तीन हिरासत में
- पुलिस ने तीनों की निशानदेही पर शव बरामद किया,शव पोस्टमार्टम को भेजा

थाना पुलभट्टा क्षेत्र सतुईया में युवक की धारधार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। उसके बाद शव गांव के पुराने खंडहर में छिपा दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन युवकों को हिरासत में लिया और शव बरामद किया।
पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है। 27 वर्षीय बंटी गोस्वामी पुत्र स्व. सुरेश नाथ गोस्वामी निवासी सतुईया पुलभट्टा 9 फरवरी की रात अपने दोस्तो के साथ था। उसके बाद वह घर वापस नही लौटा तो पत्नी ने दोस्तो से जानकारी लेने का प्रयास किया तो वह टाल गए। जिस पर पत्नी गुड्डी ने मंगलवार शाम पुलभट्टा थाने में शिकायत कर वियेश विपिन, सूरज निवासी सतुईया थाना पुलभट्टा पर शक जाहिर किया।
पुलिस ने मंगलवार शाम शिकायत मिलने पर गुमशुदगी पंजीकृत करने के बाद जब दोस्तो को उठाया तो उन्होंने पूछताछ में सब कुछ उगल दिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने गांव के किनारे खंडहर से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव पर धारधार हथियार से कई बार किये



गए। एसओ पुलभट्टा प्रदीप मिश्रा ने कहा कि पुलिस मृतक के शरीर पर घाव के निशान मिले थे। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। हत्या की वजह की जांच की जा रही है। उधर परिवार में कोहराम मच गया।
9 फरवरी को दोस्तों के साथ गया था , पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक मृतक 9 फरवरी को तीनों दोस्तों के साथ गया था।
शाम तक नहीं लौटा तो मृतक की पत्नी ने तीनों से जानकारी चाही तो तीनो ने कोई जवाब नहीं दिया। इस पर पत्नी को पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। इसके बाद शव बरामद किया गया।

### पुलिस ने तीन महीने बाद दर्ज की बाइक चोरी की रिपोर्ट

**हल्द्वानी।** शहर के वार्ड नंबर 32 इन्द्रानगर निवासी इकरा पत्नी मो. रिहान ने पुलिस में तहरीर दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने बताया है कि उनकी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक जो कि ग्रे-ग्रीन रंग की थी और जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूके 04 एएच-9829 था, 15 दिसंबर 2024 को उनके घर के बाहर से चोरी हो गई थी। इकरा ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक को काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

# दो गुटों में जमकर मारपीट, मौके पर पहुंची पुलिस

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल क्षेत्र में बीती रात युवकों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दो युवकों के सिर फूट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बीच बचाव कर मामला शांत करवाया तो दूसरे पक्ष के युवक फरार हो गए। चोटिल युवकों की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।
हल्द्वानी निवासी अक्षत बिष्ट व यशवंत प्रसाद की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि वह सोमवार को घूमने के लिए नैनीताल आए हुए थे। रात करीब साढ़े 11 बजे वह होटल से कुछ सामान लेने बाहर आए तो कुछ युवकों ने सड़क पर बिना बात उनसे मारपीट शुरु कर दी। युवकों ने ईंट तथा पत्थर व कड़े से हमला कर दोनों को चोटिल कर दिया जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटे आई हैं। शिकायत करने के बाद पुलिस पहुंची तो दूसरे पक्ष के युवक फरार हो गए। पुलिस ने राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में उपचार करवाया। दूसरी ओर शिकायत के बाद पुलिस ने दूसरे पक्ष के युवकों की तलाश कर उनकों कोतवाली बुलाया। जहां दूसरा पक्ष पहले पक्ष के युवकों पर मारपीट के आरोप लगाने लगा हालांकि दोनों पक्षों में आपसी रजामंदी के बाद समझौता हो गया। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र में मारपीट कर शांति भंग करने पर अक्षत बिष्ट, यशवंत प्रसाद, विरेंद्र व सोनू सिंह के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है।

# सात दिवसीय प्रयोगात्मक कार्यशाला के दौरान किया भ्रमण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के शिक्षार्थियों ने नगर निगम अपशिष्ट उपचार संयंत्र, 28 माइल्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, गौलापार, हल्द्वानी एवं सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल, लालकुआं का भ्रमण किया। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग में एम.एस.सी. (पर्यावरण विज्ञान) के तृतीय सेमेस्टर की सात दिवसीय प्रयोगात्मक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एच0सी0 जोशी ने बताया कि प्रयोगात्मक कार्यशाला का आयोजन वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विषयों का अभिन्न अंग है और प्रत्येक सेमेस्टर के शिक्षार्थियों के लिए इसका आयोजन किया जाता है । कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे



शिक्षार्थियों हेतु आज प्रथम चरण में नगर निगम अपशिष्ट उपचार संयंत्र-28 माइल्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, हल्द्वानी में शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया । इस दौरान प्लांट के इनचार्ज गौरव जायस द्वारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यविधि की वृस्तत जानकारी शिक्षार्थियों को प्रदान की गयी। इस दौरान अपर सहायक अभियंता नागेंद्र चन्द्रा एवं सहायक अभियंता वाई. एस. लसपाल ने भी शिक्षार्थियों को संबंधित जानकारी प्रदान की। इस दौरान कैमिस्ट प्रिंस सिंह, प्लांट आपरेटर गोपेस मिश्रा आदि भी उपस्थित रहे। भ्रमण के द्वितीय चरण में शिक्षार्थियों के लिए सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल, लालकुआँ का भ्रमण आयोजित किया गया । यहां शिक्षार्थियों ने कच्चे माल की प्रक्रिया से लेकर अंतिम उत्पाद तक कागज निर्माण के विभिन्न चरणों के बारे में जाना। सहायक प्राध्यापक डॉ. बीना फुलारा ने बताया कि इस अध्ययन भ्रमण के अन्तगात शिक्षार्थियों ने मिल के एफ्लुएंट ट्रीटमेंट पलांट (ई.टी.पी. यूनिट) का भी भ्रमण किया। इस दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री नरेश चंद्र कफल्टया जी ने शिक्षार्थियों को ई.टी.पी. यूनिट के संबंध में जानकारी दी तत्पश्चात ई.टी.पी. यूनिट के सेक्शन प्रमुख श्री ललित जोशी एवं सीनियर एक्सीक्यूटिव भरत पाण्डे की अगुवाई में में संपूर्ण यूनिट का भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ और शिक्षार्थियों को यूनिट की विभिन्न कार्यशालाओं से अवगत कराया एवं विस्तृत जानकारी प्रदान की । शिक्षार्थियों के साथ विभाग के प्राध्यापक डॉ. बीना फुलारा, डॉ प्रीति पंत एवं डॉ. दीप्ति नेगी ने भी प्रतिभाग किया। अंत में विभाग की सहायक प्रध्यापक डॉ प्रीति पंत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।